## सिटी एक्टिविटी

### परीक्षा का तनाव कम करने के बताए नुस्खे



**भोपाल।** सेंट जॉर्ज इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी द्वारा आनंद सभा-2025 का आयोजन दीवानगंज स्थित कॉलेज कैंपस में किया जा रहा है। इसमें रायसेन, विदिशा एवं भोपाल के विभिन्न स्कूलों के 11-12वीं के विद्यार्थी शामिल हुए। आनंद सभा में बच्चों को परीक्षा का तनाव कम करने के नुस्खे बताए गए। उन्हें कॅरियर काउंसलिंग दी गई। इस दौरान शिक्षकों का सम्मान किया गया।

### भागवत कथा में शामिल हुईं महापौर राय



**भोपाल।** ई-7, अवंतिका पार्क में देवी भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को आचार्य शशांक शेखर ने मां सरस्वती के प्राकट्य का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सत्यव्रत की परीक्षा लेने के बाद देवी सरस्वती ने उनकी हर कही बात के सत्य होने का वरदान दिया। इससे उनकी झूठी बातें भी सत्य होने लगीं। कथा में महापौर मालती राय भी शामिल हुईं।

### संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में साहित्य उत्सव



**संतनगर ।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में तीन दिवसीय अंतर महाविद्यालयीन साहित्य उत्सव लिटेरियो 3.0 का जोश और उत्साह के साथ शुक्रवार को समापन हुआ। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षिका एकता सरीन, राहुल तिवारी, फ्रीलांस थिएटर कलाकार, आदर्श शर्मा निर्माता, निर्देशक और संगीत विशेषज्ञ उपस्थित थे।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार और योगासन किया



**संतनगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सामूहिक सूर्य नमस्कार तथा योगासन किया। इसके पूर्व कक्षा सातवीं के विद्यार्थी देव तिवारी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष सिद्ध भाऊ के संदेश का भी वाचन किया गया।

### आम भंडारे के साथ अखंड पाठ का समापन

**संत नगर।** सतगुरु स्वामी बाबा खिम्यादास साहिब उदासीन का 58वां वार्षिक उत्सव सुखसागर उदासीन आश्रम में सम्पन्न हुआ। आश्रम के गदीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के सानिध्य में 3 जनवरी से अखंड पाठ दरबार में रखा गया। इसका समापन आम भंडारे के साथ हुआ। सात दिनी वार्षिक उत्सव में सुबह-शाम बाबा रामदास उदासीन के प्रवचन एवं सत्संग कार्यक्रम में गुरुवाणी सहित अन्य धार्मिक ग्रन्थों पर प्रकाश डाला गया।

# भगवान राम और कृष्ण की संस्कृति ही सच्चे अर्थों में भारत की संस्कृति है : सीएम

### अयोध्या में राम मंदिर की पहली वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर आयोजन

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9752479963

अयोध्या में 11 जनवरी को प्रभु श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को राजधानी में विभिन्न सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

मालवीय नगर स्थित युवा सदन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति का शुभारंभ किया। भव्य आतिशबाजी के साथ वर्षगांठ का अभिनंदन किया। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने श्रीराम के जयकारे लगाए। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि परमात्मा की कृपा से हमारा तो जीवन धन्य हो गया। 500 साल से ज्यादा के संघर्ष के बाद हमने श्रीराम का भव्य मंदिर पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रीराम मंदिर का आलोक धीरे-धीरे निकलकर जिस प्रकार भोपाल तक आ गया है, उसी प्रकार हम सब कामना करें कि आने वाले समय में यमुना जी के तट पर कृष्ण कन्हैया लाल का भी भव्य मंदिर सजाएं। आज भव्य भवन में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं, तो भगवान कृष्ण क्यों नहीं मुस्कुराएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान राम और कृष्ण की संस्कृति ही भारत की सच्ची संस्कृति है। इस दौरान हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



युवा सदन में विधायक रामेश्वर शर्मा के कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल हुए।



राजधानी के सोमवारा स्थित मां कर्फ्यू वाली माता मंदिर परिसर में 5100 दीपक जलाए गए।

**5100 दीपक जलाए, सजाई रंगोली :** इधर, अयोध्या में श्रीराम मंदिर की पहली वर्षगांठ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को सेवा संकल्प युवा संगठन की ओर से भवानी चौक सोमवारा स्थित मां कर्फ्यू वाली माता मंदिर के प्रांगण में 5100 दीपक जलाए गए। इस दौरान भव्य आतिशबाजी भी की गई।। **इधर,** न्यू मार्केट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर में भी दीपों से जय श्रीराम की आकृति बनाई गई।

# मकर संक्रांति, पोंगल, लोहड़ी पर्वों का संगम इस माह, कार्यक्रमों की तैयारी में जुटे समाज

### शोभायात्रा निकाली जाएगी, घर-घर होगा हल्दी-कुमकुम का आयोजन

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
मो.नं. 9752479963

राजधानी में जनवरी माह में विभिन्न पर्वों की मिठास घुलने जा रही है। इसमें मकर संक्राति, लोहड़ी, पोंगल समेत अन्य पर्व शामिल हैं। इसके कार्यक्रमों को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं।

मकर संक्राति का पर्व 14 जनवरी को शहर के सांस्कृतिक विविधता और धार्मिक पंरपराओं के साथ मनाया जाएगा। सूर्यदेव के मंगलवार को धनु से मकर राशि में प्रवेश करने के इस पर्व को विभिन्न समाज के लोग कहीं पोंगल, उत्तरायण, तो कहीं तिर-मुरी के रूप मनाते हैं।

**हल्दी-कुमकुम :** इस दौरान महाराष्ट्रीयन समाज द्वारा घर-घर में हल्दी कुमकुम का आयोजन किया जाएगा। समाज की रंजना देखमुख ने बताया कि इस दिन खिचड़ी, मौसमी फल और तिल के लड्डू सुहागिन महिलाओं को भेंट किए जाते हैं।

**पोंगल मनाया जाएगा:** तमिल संगम के अध्यक्ष पी राजू ने बताया कि तमिल समाज इसे पोंगल के रूप में मनाता है। चार दिनी उत्सव में सूर्यदेव को अर्ध्य देंगे। वहीं भगवान को विशेष खीर वेन पोंगल का भोग लगाया जाता है। पोंगल पर गाय, मवेशियों और प्रकृति की पूजा का विशेष महत्व है।

**गहोई दिवस पर 19 को सूर्यदेव की भव्य शोभायात्रा :** गहोई वैश्य समाज पंचायत द्वारा भगवान सूर्यदेव के पर्व मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में 19 जनवरी को गहोई दिवस का आयोजन किया जाएगा।

सूर्यदेव की शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश बिजपुरिया, संयोजक तनुज कुदरिया ने बताया कि शोभायात्रा सुबह 10 बजे समाज की जुमेराती स्थित धर्मशाला से शुरू होगी।

### पुत्रदा एकादशी पर खाटू श्याम को लगाए छप्पन भोग

**भोपाल।** राजधानी के मंदिरों में नए वर्ष की पहली पुत्रदा एकादशी शुक्रवार को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर श्री कृष्ण और खाटूश्याम मंदिरों में कहीं दुग्ध सहस्त्रधारा के साथ अभिषेक किया गया, तो कहीं भगवान का दिव्य श्रृंगार किया गया।

गुफा मंदिर में एकादशी पर विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया गया। बिड़ला मंदिर में भगवान लक्ष्मीनारायण का अभिषेक कर धार्मिक अनुष्ठान किए गए। चौबदारपुरा स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में भगवान बांके बिहारी का विशेष श्रृंगार कर आरती-पूजन और दीपदान किया गया। इस अवसर पर बांके बिहारी को हरे रंग के गरम वस्त्र अर्पित कर मोर पंख से उनका दिव्य श्रृंगार किया गया। करुणाधाम आश्रम स्थित मां महालक्ष्मी मंदिर में सुबह श्रीसूक्त के पाठ के साथ महालक्ष्मी का मंत्रों के साथ अभिषेक किया गया। मां वैष्णो धाम आदर्श नौदुर्गा मंदिर, बाबा खाटू श्याम मंदिर, प्लेटिनम प्लाजा में भी विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।

# लालघाटी से नेवरी मंदिर तक 24 मीटर सड़क का निर्माण बिना किसी दबाव के पूरा करें: सांसद

### कलेक्टर का आश्वासन- जितनी प्रस्तावित है उतनी ही बनाई जाएगी

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

सांसद आलोक शर्मा ने शुक्रवार को लालघाटी से नेवरी मंदिर की 24 मीटर की सड़क को लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह सहित अन्य अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक की। उन्होंने कहा कि इस सड़क का निर्माण समय सीमा में पूरा होना चाहिए। साथ ही कहा कि अधिकारियों को विकास के कामों में भविष्य की प्लानिंग को ध्यान में रखना होगा।

इस दौरान उनके साथ महापौर मालती राय, प्रियंका मिश्रा, मनोज राठौर सहित पुलिस और पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे। सांसद शर्मा ने कहा कि 24 मीटर की प्रस्तावित सड़क 17 मीटर की बनाई जा रही है। सांसद ने कलेक्टर से कहा कि वे किसी के दबाव में निर्णय न लें और जनहित में काम करें। कलेक्टर ने एडीएम सिद्धार्थ जैन को इस सड़क का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने सांसद आलोक शर्मा को आश्वस्त किया कि रोड जितनी प्रस्तावित है, वह पूरी बनेगी।




नेवरी सड़क को लेकर सांसद आलोक शर्मा ने कलेक्टर के साथ बैठक की।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बैतूल म.प्र.**

Web site: www.mp.gov.in/pwdmp E-mail: eepwdbetul@mp.nic.in

**:: नीलामी सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, लोक निर्माण विभाग संभाग बैतूल के अंतर्गत निम्नलिखित जीर्ण–शीर्ण (कंडम) भवन की समस्त सामग्रियों "जहा है जैसी है" की स्थिति के आधार पर खुली नीलामी दिनांक 17.01.2025 को आयोजित की गई है। इच्छुक व्यक्ति अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग (भ/स) उपसंभाग बैतूल के कार्यालय प्रांगण मे दिनांक 17.01.2025 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 3 बजे आवश्यक रूप से निर्धारित अमानती राशि जो कि राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा जारी एफ.डी.आर. / डी. डी. जो कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग बैतूल के नाम से देय हो, समय दोपहर 12:00 बजे तक बोलीकर्ता को अपनी पहचान हेतु आधारकार्ड की प्रति के साथ जमा की जाकर बोली लगाने हेतु उपस्थित हो सकते है। नीलाम की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | नीलाम की जाने वाली सम्पत्ति का विवरण | आफसेट प्राईज | अमानती राशि | स्थान जहां सामग्री उपलब्ध है। |
|---|---|---|---|---|
| 01 | कृषि विभाग कार्यालय बैतूल (कंडम भवन) | 18346/- | 1850/- | तहसील कार्यालय बैतूल |
| 02 | नगरीय क्षेत्र बैतूलबाजार अंतर्गत पुराना नगरपालिका प्राथमिक शाला भवन आजाद वार्ड बैतूल बाजार | 45465/- | 4550/- | बैतूलबाजार |
| 03 | नगरीय क्षेत्र बैतूलबाजार अंतर्गत पुराना पशु चिकित्सालय भवन आजाद वार्ड बैतूल बाजार | 6133/- | 650/- | बैतूलबाजार |
| 04 | नगरीय क्षेत्र बैतूलबाजार अंतर्गत पुराना पुलिस थाना भवन आजाद वार्ड बैतूल बाजार | 5994/- | 650/- | बैतूलबाजार |
| 05 | जिला चिकित्सालय बैतूल परिसर मे स्थित पुराना चिकित्सालय भवन के शेष बचे जीर्ण–शीर्ण (कंडम) भवनो की निलामी सामग्रियों सहित (पांचवा आमंत्रण) | 6,47,500/- | 64750/- | जिला चिकित्सालय परिसर बैतूल |
| 06 | जिला आबकारी परिसर के अंदर चिमनी जीर्ण–शीर्ण (चतुर्थ आमंत्रण) | 10,000/- | 1000/- | जिला आबकारी कार्यालय परिसर |

शेष नियम एवं शर्तें अनुविभागीय अधिकारी लो.नि.वि. उपसंभाग बैतूल मे कार्यालयीन समय मे देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ./स.), संभाग, बैतूल

जी–21455/24 ''पाक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''



**संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश**

क्रमांक 14549/भण्डार/2024–25 कामधेनू भवन वैशाली नगर भोपाल भोपाल दिनांक 30.12.2024

**:: द्वितीय निविदा सूचना ::**

संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा लेजर प्रिन्टर, मल्टीफक्शन प्रिन्टर एवं फोटोकॉपियर मशीन, आई 3 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, आई 5 लेपटॉप, स्केनर आदि के क्रय हेतु ऑनलाईन निविदा प्रणाली के माध्यम से मध्यप्रदेश शासन के पोंटल http://mptenders.gov.in पर द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई. टी. क्रमांक | विवरण | निविदा जारी करने का दिनांक | निविदा की राशि | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र जमा करने का अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| MPDAH 15/2024 | संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा लेजर प्रिन्टर, मल्टीफक्शन प्रिन्टर एवं फोटोकॉपियर मशीन, आई 3 डेस्कटॉप कम्प्यूटर, आई 3 लेपटॉप, स्केनर आदि के क्रय हेतु वर्ष 2024–25 के लिए निविदा निर्माता फर्म, डीलर एवं डिस्ट्रीव्यूटर से ऑन लाईन आमंत्रित की जाती है। निर्माता फर्म का टर्न ओवर 50 लाख एवं निविदाकर्ता फर्म का टर्न ओवर राशि रू 30–00 लाख वित्तीय वर्ष 2023–24 का होना अनिवार्य है। | 09-01-2025 | 1000+ Processing Fees | रूपये 0.50 लाख की धरोहर राशि आनलाईन mptenders.gov.in पर जमा की जानी है। | 24.01.2025 शाम 05.30 तक |

1. निविदा प्रपत्र उपरोक्त वर्णित वेवसाईट पर आनलाईन भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 30 लाख है।
3. निविदा में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में उक्त संशोधन www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जाएगा।

संचालक
संचालनालय पशुपालन एवं डेयरी, मध्यप्रदेश, भोपाल

जी–21465/24 ''बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल''



**भारतीय खाद्य निगम**
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल (म.प्र.) 462011
दूरभाष: 0755-2573444, फैक्स : 0755-2573418, ईमेल: gmmp.fci@gov.in

क्र. एसएंडसी/13/एचटीसी/एनआईटी/2025/01 दिनांक: 11.01.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश क्षेत्र में विभिन्न नियमित **हैंडलिंग एवं परिवहन ठेकेदारों की नियुक्ति** के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये गये है। निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है। किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।

महाप्रबंधक (क्षेत्र)



**IndusInd Bank**

व्हीकल फायनेंस ड्विीजन (सीएफडी) भोपाल, मो. 9826347708

**:: वाहन नीलामी सूचना ::**

इन्डसइंड बैंक, वित्त पोषित निम्नलिखित चल संपत्तियों (वाहनों) का विक्रय निविदा द्वारा किया जा रहा है। ऋणियों को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी के पूर्व बकाया राशि जमा करके नीलामी की कार्यवाही से बच सकते हैं। निम्नलिखित चल संपत्ति की नीलामी दिनांक 11.01.2025 को की जानी है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| क्र. | ऋणी/सहऋणी का नाम | डील नं./वाहन पंजीयन क्र./मेक/मॉड्ल/इंजिन नं./चेसिस नं. | पार्किंग यार्ड |
|---|---|---|---|
| 1 | एल. गौतम / लक्ष्मी राम | IBB01788G / atul rik plus 3p cng bs6 / MP04RB8317/ CMS22H10207 / MCG68R3CMH2206885 | सांई प्रीत पार्किंग यार्ड |
| 2 | बी पिंटू/ कालीचरण बासोद | IBB01879G /atul gem 3p 200 bifuel cng bs vi/ MP04RC0452 / CGS22K11371 /MCG61R3CGA2308144 | सांई प्रीत पार्किंग यार्ड |
| 3 | एम गोरेलाल / मान सिंह | IBB01813G / ape xtra ldx dv dsl bs6 / MP40LA2710/ S2H9220958 / MBX0008SB1J217418 | अग्रवाल पार्किंग यार्ड |
| 4 | एल कन्हैया/ कल्लू | IBV00044G / ape auto dx cls bsvi / MP40ZC5436 / A3H1642115 / MBX000AWF2H321167 | अग्रवाल पार्किंग यार्ड |

नीलामी के विस्तृत विवरण, नियम एवं शर्तो हेतु उपरोक्त दिये गये पते पर सम्पर्क करें।



**OMKARA ASSETS RECONSTRUCTION Pvt. Ltd.**
**ओमकारा एसेट्स रिकन्स्ट्रक्शन प्रा.लि.**
CIN: U67100TZ2014PTC020363
Email: rajesh.jumani@omkaraarc.com/zuber.khan@omkaraarc.com/pratik.rasal@omkaraarc.com
Tel.: 022-69231111 +91 86579 69231/+91 86556 68565.

**[परिशिष्ट - IV-A] [नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) का परंतुक देखें]**
**अचल संपत्ति की ई–नीलामी बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना**
**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना**
**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) के प्रावधान के साथ पठित।**

आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर(ओं) को यह सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखी गई है, जिसका कब्जा ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (OARPL) के प्राधिकृत अधिकारी के पास है।(ओमकारा PS 30/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में अपनी क्षमता में कार्य करते हुए) इसके अलावा, OARPL ने इंडसइंड बैंक लिमिटेड (असाइनर बैंक) से दिनांक 25.06.2021 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से नीचे दिए गए संपूर्ण बकाया ऋणों को असाइनर बैंक से अंतर्निहित सुरक्षा के साथ प्राप्त कर लिया है। तदनुसार, OARPL ने बकाया राशि वसूलने और सुरक्षा को लागू करने के लिए असाइनर बैंक और ईएम की जगह ली है। OARPL के प्राधिकृत अधिकारी ने उधारकर्ता/बंधककर्ता/सह-उधारकर्ता से नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति का कब्जा ले लिया। एतद्वारा प्राधिकृत अधिकारी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित सुरक्षित संपत्तियों को बेचने का इरादा रखता है और इसलिए सुरक्षित संपत्तियों की खरीद के लिए निविदाएं/बोलियां सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। संपत्ति को सरफेसी अधिनियम की धारा 13(2) और (4) के प्रावधानों के तहत अधिकारों और शक्तियों के आधार पर बेचा जाएगा; "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है" और "बिना किसी सहारे के" संबंधित ऋणी और सह-ऋणी(ओं) से सुरक्षित ऋणदाता के रूप में OARPL को देय राशि की वसूली के लिए संबंधित कॉलम में दिखाया गया है। ऋणी(ओं)/गारंटर/बंधक, प्रतिभूतियों, मालिक, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए नोटिस की तिथि, कब्जे की तिथि, आरक्षित मूल्य, बोली वृद्धि राशि, बयाना राशि जमा (EMD), निरीक्षण की तिथि और समय का विवरण निम्नानुसार दिया गया है:

| स. क्र. | ऋणकर्ता (ओं)/ जमानतदार/मार्टगेजर | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | संपत्ति का मालिक | 16.12.2024 तक बकाया राशि (रु. में) | मांग पत्र दिनांक | कब्जा दिनांक | आरक्षित मूल्य (रु. में) | बिड वृद्धि राशि (रु. में) | ईएमडी (रु. में) | निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स रुचि एंटरप्राइजेज (उधारकर्ता), इसके स्वामी श्रीमती रुचि खंडेलवाल, श्रीमती रुचि खंडेलवाल (बंधककर्ता एवं गारंटर) और श्री पंकज खंडेलवाल (बंधककर्ता एवं गारंटर) के माध्यम से | संपत्ति 1 : दुकान नंबर जी-1 का पूरा टुकड़ा, जिसका माप 250 वर्ग फीट है, ग्राउंड फ्लोर, संयुक्त परिसर- II, प्लॉट नंबर एस-3 और एस-4, ग्राम चूनाभट्टी तहसील हुजूर जिला भोपाल 462016 में स्थित है और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं : पूर्व या दिशा में : प्लॉट नंबर 19 पश्चिम या दिशा में : कोलार रोड की ओर खुला गलियारा उत्तर या दिशा में : सड़क दक्षिण की ओर : दुकान नंबर जी-2 | श्रीमती रुचि खंडेलवाल | रु. 2,34,21,287.43 (दो करोड़ चौंतीस लाख इक्कीस हजार दो सौ अस्सी रुपये और तैंतालीस पैसे मात्र) | 18.11.2019 | 14.10.2024 (भौतिक कब्जा) | रु. 50,00,000/- (केवल पचास लाख रुपये) (चूंकि संपत्ति लीजहोल्ड है, इसलिए लागू जीएसटी भी शामिल है) | रु.25,000/- (केवल पच्चीस हजार रुपये) | रु. 5,00,000/- (केवल एक लाख रुपये) | 28.01.2025 दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक |
| | | संपत्ति 2 : फ्लैट नंबर एमआईजी-4/7 का पूरा टुकड़ा, जिसका माप 621.39 वर्ग फीट है, ब्लॉक नंबर 4, तीसरी मंजिल, रणथंभौर कॉम्प्लेक्स जोन-1, एमपी नगर, तहसील हुजूर जिला भोपाल 462011 और इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं : पूर्व या दिशा में : खुला पश्चिम या दिशा में : खुला उत्तर या दिशा में : फ्लैट नंबर 5/8 दक्षिण की ओर : फ्लैट नंबर 4/8 | श्री पंकज खंडेलवाल और श्रीमती रुचि खंडेलवाल | | | | रु.27,00,000/- (केवल सत्ताईस लाख रुपये) | रु.10,000/- (केवल दस हजार रुपये) | रु. 2,70,000/- (केवल दो लाख सत्तर हजार रुपये) | 28.01.2025 दोपहर 2.30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक |

खाता संख्या: 055505010221, लाभार्थी का नाम: ओमकारा पीएस टर 30/2021-22 ट्रस्ट, बैंक का नाम: आईसीआईसीआई बैंक, शाखा: बांद्रा (ई) मुंबई, आईएफएससी कोड: ICIC0000555

भागीदारी का बोली पत्र / केवाईसी दस्तावेज / ईएमडी का प्रमाण जमा करने की अंतिम तिथि और समय: - 18.02.2025 शाम 6:00 बजे तक | ई-नीलामी की तिथि एवं समय:- 20.02.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक

नीलामी के नियम और शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए कृपया सुरक्षित ऋणदाता (ओएआरपीएल)http://omkaraarc.com/auction.php या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी https://www.bankeauction.com.पर दिए गए लिंक को देखें।

**सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) के तहत बिक्री के लिए वैधानिक सूचना**

यह नोटिस सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) आर/डब्ल्यू 9(1) के तहत उपरोक्त ऋण खाते के उधारकर्ता को कम से कम 30 (तीस) दिनों का एक अनिवार्य नोटिस है। वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के तहत उन्हें उपरोक्त निर्दिष्ट तिथि और समय पर ई-नीलामी के माध्यम से नीलामी/बिक्री आयोजित करने के बारे में सूचित किया गया है। भुगतान में चूक के मामले में, संपत्ति प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत लेनदार के विवेक पर सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के

दिनांक : 11.01.2025
स्थान : भोपाल

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(ओमकारा पीएस 30/2021-22 ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए)